# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेंसी क्षेत्र - इंदौर

## शुद्धिपत्र क्रमांक 12/07/2017, दिनांक 08.06.2018

### सहायक प्राध्यापक परीक्षा 2017

### चयन प्रक्रिया हेतु प्रावधान : समान अंक की स्थिति मे चयन प्रक्रिया

01 आयोग द्वारा उच्च शिक्षा विभाग , मध्य प्रदेश शासन हेतु विभिन्न विषयों के सहायक प्राध्यापकों के पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन क्रमांक 07/2017, दिनांक 12.12.2017 आयोग की वेबसाइट तथा **"रोजगार और निर्माण"** समाचार पत्र के दिनांक 18.12.2017 के अंक में प्रकाशित किया गया है।

02 उक्त परीक्षा में अंतिम चयन परिणाम लिखित परीक्षा + अतिथि विद्वानों को देय वरीयता अंक के योग के गुणानुक्रम के आधार पर जारी किया जाना है । लिखित परीक्षा +अतिथि विद्वानों को देय वरीयता अंक का योग समान अंक होने की स्थिति में मेरिट निर्धारण हेतु निम्नानुसार वरीयता क्रम की व्यवस्था निर्धारित की जाती है :-

1. सर्वप्रथम लिखित परीक्षा + अतिथि विद्वान वरीयता अंक के प्राप्तांक का योग।
2. उक्त अंक समान होने पर अर्हताकारी परीक्षा (स्नातकोत्तर स्तर) में उच्चतर प्राप्तांकों का प्रतिशत।
   (जिन आवेदकों के प्रतिशत न होकर ग्रेडिंग सिस्टम होंगें उनके ग्रेड को प्रतिशत में परिवर्तित किया जाएगा।)
3. उक्त अर्हता परीक्षा के प्रतिशत भी समान होने पर अधिक आयु वाला आवेदक।

03 विज्ञापन की शेष शर्ते पूर्ववत रहेंगी।

सचिव